**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to rejuvenate the temples of archeological importance in Achatt village in Chhattarpur Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh -Laid.

**डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत छतरपुर के पास गाँव - अचट्ट महाभारत काल में अचलपुर के नाम से प्रचलित था । इंद्रप्रस्थ को यहीं से कारीगरों का जाना कहा जाता है। खजुराहो की शिल्प शाला जमीन पर एवं खुदाई के समय अवशेष मिलते रहे हैं तथा भगवान विष्णु जी गणेश जी और शिव जी के सहस्त्र नेत्र की शिवलिंग व आदमकद मूर्तियाँ हैं। शिवलिंग अदिव्तीय है और सहस्त्र नेत्र शिवलिंग में खड़ा योनि की तरह यह एकमात्र शिवलिंग है। इसे खजुराहो मंदिर से जोड़े जाने की आवश्यकता है तथा यहाँ मंदिर का जीर्णोदवार कर मूर्तियों का यहीं पर मूजियम बनाए जाने की भी आवशयकता है। इसके विकास से पर्यटक रुकेगा जिससे छतरपुर के पास के ग्रामों में ग्रामीण लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।